दिनांक–05.10.2023 समय–2.10PM

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री-मध्यप्रदेश

प्रदेश में आज वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म शताब्दी मनाई जा रही है। इस अवसर पर,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद जबलपुर में 'वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान' का भूमि पूजन करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राज्य की सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल क्षेत्र में 12 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे।

वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान' जबलपुर में 21 एकड़ क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इसमें रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊंची प्रतिमा और गोंडवाना क्षेत्र के इतिहास दर्शाने वाला संग्रहालय भी बनेगा।

प्रधानमंत्री इंदौर के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत 128 करोड़ रुपये की इस परियोजना से1000 से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने आज जोधपुर में सड़क, रेल, विमानन,स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों की करीब 5 हजार करोड़ रुपये लागत वाली कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की और आधारशिला रखी।

केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रदर्शनी

केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित नया भारत- सशक्त भारत तथा मेरी माटी-मेरा देश पर केंद्रित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ सीहोर जिले के आष्टा जनपद परिसर में क्षेत्रीय विधायक रघुनाथ मालवीय तथा जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा किया गया.

इस अवसर पर विभागीय सांस्कृतिक दल भारती कला मंडल, उज्जैन के कलाकारों ने मयूर नृत्य, घड़ा नृत्य सहित अन्य आकर्षित प्रस्तुतियां दी. कार्यक्रम के दौरान प्रश्न मंच और संवाद के जरिए केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा की गई

महिला आरक्षण

प्रदेश सरकार ने वन विभाग को छोड़कर बाकी भर्तियों में महिलाओं को 35फीसदी आरक्षण देने की अधिसूचना जारी कर दी है. सरकार ने राज्य में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष प्रावधान) नियम, 1997में संशोधन किया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में घोषणा की कि पुलिस और अन्य सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत रिक्तियां महिलाओं द्वारा भरी जाएंगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पंचायतों और शहरी निकायों के चुनावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करने वाला पहला राज्य था। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में भी रियायत मिलती है. प्रदेश में कुल 5करोड़ 6० लाख मतदाताओं में से 2 करोड़ 72 लाख महिला मतदाता हैं.

एशियाई खेल

चीन के हांगचोओ में 19वें एशियाई खेलों में आज तीरंदाजी की महिला कंपाउंड स्पर्धा में ज्योति सुरेखा, परनीत और अदिति की तिकड़ी ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया है।

कुश्ती में 50 किलोग्राम भार वर्ग में पूजा गहलोत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय पुरूष कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। हालाँकि बैंडमिंटन में पी वी सिंन्धु को क्वॉटर फाइनल में और कुश्ती में अंतिम पंघाल को हार का सामना करना पड़ा।

भारत अब तक 19 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य सहित कुल 82पदक जीतकर चौथे स्थान पर है।

अनुराग सिंह-छत्तीसगढ़

केंद्रीय सूचना प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज रायपुर में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया। श्री ठाकुर ने कहा कि चीन में हो रहे एशियाड में भारत के एथलीटों ने अपने प्रदर्शन से देश का सर गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता,नशा मुक्ति जैसे किसी एक क्षेत्र को चुन लें और संकल्प लें कि अगले 25 वर्षों तक उसे क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपना हर संभव योगदान देंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1. **राज्य मंत्रिमंडल ने पांढुर्णा और मैहर दो नए जिलों के गठन को हरी झंडी दे दी है।**

2. **टीकमगढ शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय में जिला स्तरीय मोगली उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में जिले के विकासखण्ड जतारा, पलेरा, टीकमगढ और बल्देवगढ के विद्यार्थीयों ने भाग लिया।**

3. **कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने धार जिले की सरदारपुर विधानसभा में आज एक सभा को संबोधित किया ।**

4. **नर्मदापुरम जिले में** 80 **वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या**10 **हजार** 905 **है।**

5. **खण्डवा में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार एवं प्रदर्शनी का आयोजन आज से किया जायेगा।** और

6. **झाबुआ जिले में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले** 4**हजार** 408 **अधिक हैं।**